प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

29 अप्रैल 2021

रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार की प्रतिभूतियों की एक सामयिक खरीद और बिक्री की विशेष खुला बाजार परिचालनों (ओएमओ) की घोषणा की

वर्तमान चलनिधि और वित्तीय स्थिति की समीक्षा के बाद रिज़र्व बैंक ने 06 मई 2021 को प्रत्येक के लिए **₹10,000 करोड़** की **सकल** राशि के लिए खुला बाजार परिचालनों (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की एक सामयिक खरीद और बिक्री का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

2. तदनुसार, खुला बाजार परिचालनों (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री के लिए प्रतिभूतियों का विवरण निम्नानुसार है।

खरीद

रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति का उपयोग करके निम्नलिखित प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम सं	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN0020160035	6.97% जीएस 2026	06-सितंबर-2026	₹ 10,000 करोड़ (प्रतिभूतिवार कोई राशि अधिसूचित नहीं की गई है)
2	IN0020170174	7.17% जीएस 2028	08-जनवरी-2028	
3	IN0020200294	5.85% जीएस 2030	01-दिसंबर-2030	

बिक्री

रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति का उपयोग करके निम्नलिखित प्रतिभूतियों की एक सामयिक बिक्री करेगा:

क्रम सं	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN002021Y031	182 डीटीबी 21102021	21-अक्टूबर-2021	₹ 10,000 करोड़ (प्रतिभूतिवार कोई राशि अधिसूचित नहीं की गई है)
2	IN002021Y049	182 डीटीबी 28102021	28-अक्टूबर-2021	

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद / बिक्री की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां/ प्रस्ताव स्वीकार करना।
- राउंडिंग-ऑफ प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद / बिक्री करना।

- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ / प्रस्तावों का स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **06 मई 2021** को **सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोली/प्रस्ताव प्रस्तुत करने चाहिए। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ/प्रस्ताव स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली/प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) से प्राप्त कर के **सुबह 11.00 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को जमा किये जाने चाहिए।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **07 मई 2021** को **दोपहर 12 बजे** तक अपने चालू खाते/एसजीएल खाते में निधि/प्रतिभूतियों की उपलब्धता, जैसा भी मामला हो, सुनिश्चित कर लेनी चाहिए।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/132